धन्वंतरी पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

राजस्थान के **नाड़ी वैद्य ताराचंद शर्मा को** भारत सरकार द्वारा [आयुर्वेद]**के सर्वोच्च 'धन्वन्तरि' पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।

मुख्य बिंदु:

- **पुस्कार राशि:**
  - उन्हें पुरस्कार स्वरूप **पाँच लाख रुपए**, प्रशस्ति पत्र, शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो।
- **आयोजन:**
  - वैद्य शर्मा को यह पुरस्कार 20 फरवरी 2025 को मुंबई (महाराष्ट्र) में धन्वंतरी पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान केंद्रीय **आयुषमंत्री द्वारा** प्रदान किया।
- **विजेता के बारे में:**
  - ताराचंद शर्मा **झुंझुनू ज़िले** के बिसाऊ कस्बे के निवासी हैं। इससे पहले भी वे आयुर्वेद क्षेत्र में अनेक पुरस्कार एवं उपाधियों से सम्मानित किये जा चुके हैं।
- **वे एक प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य हैं।**
  - ताराचंद शर्मा द्वारा लिखित कई पुस्तकें विभिन्न आयुर्वेद विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित हैं।

आयुर्वेद

- **[आयुर्वेद]** शब्द आयु और वेद से मिलकर बना है। आयु का अर्थ है जीवन, वेद का अर्थ है विज्ञान या ज्ञान, इस तरह आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञान।
- आयुर्वेद में सभी जीवित चीज़ें शामिल हैं, चाहे वे मानव हों या गैर-मानव।
- इसे तीन मुख्य शाखाओं में विभाजित किया गया है
  - **नर आयुर्वेद**: मानव जीवन से संबंधित।
  - **सत्व आयुर्वेद:** पशु जीवन और उसके रोगों से संबंधित।
  - **वृक्ष आयुर्वेद:** पौधे के जीवन, उसके विकास और रोगों से संबंधित।
- आयुर्वेद न केवल चिकित्सा की एक प्रणाली है, बल्कि पूर्ण सकारात्मक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उपलब्धियों के लिये जीवन जीने का एक तरीका भी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dhanvantari-award